Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to install 10 KW transmitter for FM broadcast in Amreli Parliamentary Constituency, Gujarat-laid.

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली): वर्तमान में मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली (गुजरात) में केवल 100 वॉट ट्रांसमीटर की क्षमता वाला FM संचालित है जिसकी वेबलेंथ केवल 6-7 किमी० दूरी तक मिलती है जबकि मेरा संसदीय क्षेत्र 60-70 किमी० दूरी तक फैला हुआ है I 100 वॉट ट्रांसमीटर की क्षमता कम होने के कारण पूरे क्षेत्र की जनता को FM का लाभ नहीं मिल रहा है I मेरे संसदीय क्षेत्र का फैलाव ज्यादा होने के कारण यहाँ 10 KW ट्रांसमीटर क्षमता के FM की आवश्यकता है, तभी यहाँ के लोगों को FM का लाभ प्राप्त हो सकेगा I मेरे द्वारा इस विषय को लेकर वर्ष 2014 से अब तक लगातार सबंधित विभाग के समक्ष इस मांग को जोरों से रखा गया है परन्तु अभी तक इस मांग के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं हुई है जबकि हमसे बाद में Fm की मांग करने वाले जिले में 10 KW ट्रांसमीटर क्षमता के FM की स्वीकृति दे दी गयी है I अतः मंत्री जी से मेरा निवेदन है कि उक्त ज्वलंत मामले को अपने संज्ञान में लेकर यथाशीघ्र 10 KW FM ट्रांसमीटर का इंस्टालेशन करवाने की कृपा करें I